**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 20.09.2026**

- **थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रसूलाबाद पर वादिनी द्वारा दिनांक 16.09.2026 को लिखित तहरीर विवेक पुत्र स्व0 राजपाल निवासी ग्राम चतुर निवादा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा वादिनी के साथ छेड़छाड़ की घटना कारित करने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं 358/2026 धारा 74/333 बीएनएस बनाम विवेक पुत्र स्व0 राजपाल उपरोक्त पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 64(1)/76/115(2) की बढ़ोत्तरी की गयी। थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा दुष्कर्म की घटना में वांछित अभियुक्त विवेक पुत्र राजपाल उपरोक्त को दिनांक 20.09.2026 को झींझक रसूलाबाद रोड से चतुर निवादा जाने वाली रोड़, थाना क्षेत्र रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त विवेक उपरोक्त का मेडिकोलीगल परीक्षण कराते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

विवेक पुत्र राजपाल निवासी ग्राम चतुर निवादा, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात, उम्र लगभग 24 वर्ष

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 358/2026 धारा 64(1)/74/76/115(2)/333 बीएनएस थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 रावेन्द्र सिंह
2. का0 860 धैर्य प्रताप सिंह